मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 315
सोमवार, 09 जून 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## एनडीए सरकार ने 11 वर्षों में महिला-नेतृत्व वाले विकास को नए सिरे से परिभाषित किया: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, 08 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की कई पहलों ने किसानों की समृद्धि को बढ़ावा दिया है और कृषि के परिवर्तन को सुनिश्चित किया है, उन्होंने अपनी सरकार के ह्लकिसान समर्थकह्व कार्यक्रमों के दूरगामी प्रभाव को रेखांकित किया।

अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ मनाने से एक दिन पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (8 जून, 2025) को कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को फिर से परिभाषित किया है। नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनके कार्यकाल के पिछले 11 वर्षों के दौरान की गई पहलों से किसानों की समृद्धि बढ़ी है और कृषि क्षेत्र में समग्र बदलाव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने वादा किया कि किसानों के कल्याण के लिए उनकी सरकार के प्रयास आने वाले समय में और अधिक जोश के साथ जारी रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ह्यएक्सह्न पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं।



उन्होंने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई। प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों (लाइव बर्थ) पर मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

## ऑपरेशन सिंदूर पर राजनीति कर रहे हैं कांग्रेस नेता: अनुप्रिया पटेल

**नई दिल्ली, 08 जून।** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर पर कथित तौर पर राजनीति करने के लिए कांग्रेस नेताओं की कड़ी आलोचना की और कहा कि यह मुद्दा देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए पटेल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा मामला है। कांग्रेस नेता इस विषय पर बेवजह राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब भारत का संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशी देशों के दौरे पर गया तो उन्हें आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख के लिए व्यापक समर्थन मिला।



अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जिन देशों में हमारे सांसदों का प्रतिनिधिमंडल गया, उन्होंने न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति की सराहना की है, बल्कि यह भी स्पष्ट रूप से कहा है कि वे आतंकवाद के मोर्चे पर भारत के साथ खड़े हैं। पटेल ने दावा किया कि विश्व ने आतंकवाद के प्रति भारत की कड़ी प्रतिक्रिया को मान्यता दी है। उन्होंने कहा, ₹भारत ने आतंकवाद के खिलाफ बड़ी और सोची-समझी कार्रवाई की है। आज दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हैं और इसकी सराहना कर रहे हैं। हमें राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर एक साथ खड़े होने की जरूरत है।

## उतर प्रदेश में कांग्रेस अकेले अपने दम पर लड़ेगी पंचायत चुनाव: अजय राय

**लखनऊ, 08 जून।** कांग्रेस की उतर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उनकी पार्टी आगामी पंचायत चुनाव अकेले अपने दम पर लडेगी। राय ने कहा कि हर बूथ पर कार्यकताओं को मजबूत किया जायेगा और हमारे जितने भी बहादूर साथी हैं, उन्हें पचायत चुनाव में उम्मीदवार बनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा ,जो साथी चुनाव जीतकर या ज्यादा से ज्यादा चुनाव जिताकर आयेंगे, उन्हे विधानसभा चुनाव मेंमौका दिया जाएगा। यहां स्थानीय सांसद इमरान मसूद के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए राय ने कहा , हमारा कार्यकर्ता प्रदेश के बूथ पर काम करता है, जिले में और ब्लाक में काम करता है, उसे हम ताकतवर बनायेंगे।



उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में ताकत दिखाने के बाद आगे की रणनीति राष्टीय नेतृत्व तय करेगा। उन्होने कहा, आज मैं अपने लोकप्रिय सांसद बहादूर साथी इमरान मसूद जी को इद उल अजहा की दिली मुबारकबाद देने और उनकी मंगलकामना के लिये आया हूं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, हमें अपनी ताकत को और बढाना है अभी राहुल जी को लेकर प्रदेश में छह सांसद हैं और दो विधायक हैं,हमें और ताकत बढानी है। राय ने 2022 के विधानसभा चुनाव का हवाला देते हुए दावा किया , सिराथू में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ही चुनाव हरवाया, इसकी मेरे पास जानकारी है। उन्होंने मौर्य को चुनाव जीतने के लिए सीट बदलने की सलाह दी।

## आतंकवाद के मुद्दे पर यूरोप भारत के साथ खड़ा है: रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली, 08 जून।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल छह यूरोपीय देशों के राजनयिक दौरे के बाद रविवार को दिल्ली लौटा, इस दौरान सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की स्थिति को मजबूती से व्यक्त किया और पहलगाम आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत की प्रतिक्रिया के बारे में अपने समकक्षों को जानकारी दी।

राष्ट्रीय राजधानी पहुंचने पर पत्रकारों से बात करते हुए प्रसाद ने कहाः भारत वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, ब्रुसेल्स और जर्मनी का दौरा किया। हमने संसद के वरिष्ठ नेताओं, थिंक-टैंक और भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर विदेशी देशों में काफी गुस्सा है और सभी देशों ने इसकी निंदा की है। हम यूरोपीय संसद भी गए। भारतीय समुदाय हमसे मिलने के लिए बहुत उत्साहित था। भारत और यूरोप के बीच एक नया रिश्ता स्थापित होने जा रहा है। यह एक बहुत ही संतोषजनक यात्रा थी।



बर्लिन में प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री जोहान वेडफुल और बुंडेस्टैग के उपाध्यक्ष ओमिद नूरीपुर सहित जर्मनी के शीर्ष सरकारी और संसदीय नेताओं से मुलाकात की। सांसदों ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति और सीमा पार हमलों के प्रति इसके सैद्धांतिक दृष्टिकोण को दोहराया। उन्होंने पहलगाम की घटना के जवाब में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की गैर-उग्र, सटीक और जिम्मेदार प्रकृति पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहाः ₹हमने यूरोप के छह देशों का दौरा किया और हमें पता चला कि पूरा यूरोप एक नई आर्थिक व्यवस्था में आने की कोशिश कर रहा है और हर देश ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की है। हमने यह संदेश दिया है कि अगर सीमा पर कोई आतंकवादी गतिविधि देखी जाती है, तो उसका जवाब अलग होगा। हमने किसी देश से मध्यस्थता की मांग नहीं की। जर्मनी में भारतीय दूतावास के एक बयान के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद एक वैश्विक खतरा है जिसका सामना एकजुट वैश्विक प्रतिक्रिया से किया जाना चाहिए। जर्मन वातार्कारों ने चर्चा का स्वागत किया और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संसद के अधिकारियों, विदेश नीति और रक्षा समिति के प्रमुख सदस्यों और कोनराड एडेनॉयर स्टिफ्टंग (केएएस) जैसे प्रमुख थिंक-टैंक से भी मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ मजबूत बहुपक्षीय प्रयासों की तत्काल आवश्यकता पर चर्चा की और आतंकवाद, रक्षा और रणनीतिक मुद्दों पर गहन सहयोग की संभावना तलाशी।

## तेलंगाना में कांग्रेस सरकार का मंत्रीमंडल विस्तार, तीन विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**तेलंगाना, 08 जून।** रविवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद के राजभवन में आयोजित एक समारोह में तीन नए मंत्रियों- जी विवेक वेंकट स्वामी (चेन्नूर, एससी-माला), अदलुरी लक्ष्मण कुमार (धर्मपुरी, एससी-मडिगा) और वक्ति श्रीहरि (मकथल, बीसी-मुदुराज) को पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिपरिषद सहयोगी, विधायक और अन्य नेता मौजूद थे।



दिसंबर 2023 में रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद से यह पहला कैबिनेट विस्तार है, जिसमें मंत्रियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जबकि छह पद खाली हैं। तीनों नियुक्तियां पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों का प्रतिनिधित्व करती हैंः विवेक और लक्ष्मण एससी समूहों से हैं, और श्रीहरि पिछड़े वर्ग की पृष्ठभूमि से हैं। विश्लेषकों का सुझाव है कि भविष्य की नियुक्तियों से पहले क्षेत्रीय और जातिगत विविधता को संतुलित करने के लिए उन्हें शामिल किया गया है।

सीएम रेवंत रेड्डी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट के माध्यम से शामिल किए गए लोगों को बधाई दी, साथ ही दोर्नाकल के विधायक रामचंदर नाइक को विधानसभा उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। हालांकि तीन नए मंत्रियों के लिए विभागों की घोषणा अभी बाकी है, लेकिन आने वाले दिनों में और विस्तार की उम्मीद है। कांग्रेस आलाकमान कथित तौर पर अतिरिक्त समावेशन पर विचार कर रहा है, जिसमें संभावित रूप से मुस्लिम, जीएचएमसी और रेड्डी/वेलामा समुदायों के नेता शामिल हो सकते हैं।







## किसानों के भविष्य को सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में काम कर रही डबल इंजन सरकार: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 08 जून।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में किसानों का भविष्य सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में डबल इंजन सरकार काम कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद किसान इस सरकार के एजेंडों में से एक बन गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने 2014 में पहली बार देखा होगा कि अन्नदाता किसान भी किसी सरकार के राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बन सकता है। जब पीएम मोदी ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना शुरू की... मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बाद प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और फिर प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना लागू की गई और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई। देश के 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है। यह डबल इंजन की सरकार राज्य में अपने किसानों के भविष्य को सुंदर और सुरक्षित बनाने की दिशा में भी काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब हमारी सरकार आई तो किसान आत्महत्या कर रहे थे। कहीं कोई सुविधा नहीं थी। 2017 में जब हम आए तो सबसे पहले हमने 86 लाख किसानों के 36000 करोड़ रुपए के कर्जमाफी कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और कर्जमाफी के बाद हमने राज्य में सिंचाई क्षमता विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का सहारा लिया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में राज्य कर विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा की और अधिकारियों को कर वसूली में पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और सख्त प्रवर्तन की नीति अपनाने के निर्देश दिए।

एपी मीडिया
हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए
सम्पर्क करे: 9199355950

## कांदिवली में रक्तदान शिविर के आयोजन में पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने की शिरकत



कांदिवली, मुंबई। समर्पण के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन केशर आशिष बिल्डिंग, बसंत काम्प्लेक्स, महावीर नगर कांदिवली-पश्चिम में किया गया।इस शिविर में प्रमुख अतिथि के रूप में उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने उपस्थिति दर्ज कराई और रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने स्व. प्रमोद गिलानी के पुण्य स्मरणार्थ हर वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित करने वाले उनके पुत्र यश गिलानी के प्रयासों की प्रशंसा भी की। जनसेवक गोपाल शेट्टी ने सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया और भविष्य में भी समय-समय पर रक्तदान जैसा महादान करके जरूरतमंदों का जीवन बचाने में योगदान देने का आह्वान किया।

## अहमदाबाद के पूर्व महापौर का मीरा रोड में भव्य स्वागत



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा रोड में गुजरात अहमदाबाद के पूर्व महापौर गौतम शाह का मुंबई आगमन पर आज मीरा रोड में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मीरा भाईंदर के महामंत्री एवं भाजपा नेता संदीप तिवारी के कार्यालय में रक्खे स्वागत समारोह में मीरा भाईंदर के गणमान्यों ने मिलकर स्वागत किया। स्वागत समारोह में भाजपा नेता संदीप तिवारी, वरिष्ठ समाज सेवक रत्नाकर मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र पाण्डेय, अधिवक्ता डी के पाण्डेय, कमलेश दुबे, अधिवक्ता प्रमथेश शुक्ला, रवि तिवारी, सुरेंद्र तिवारी, ओम पाण्डेय, मनीष मिश्र, सूरज तिवारी, योगेश दुबे के साथ साथ सैकड़ों की तादात में लोगों ने स्वागत समारोह में भाग लिया।

## महाराष्ट्र में पहला और भारत में 26वां स्टोर ठाणे में खुला




ठाणे। वैश्विक खुदरा दिग्गज अपैरल ग्रुप ने महाराष्ट्र में अपने अग्रणी लाइफस्टाइल फैशन ब्रांड फ&इ के लॉन्च की घोषणा की, हाल ही में ठाणे के आर मॉल में एक फ्लैगशिप स्टोर का शुभारंभ किया। 10,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला यह स्टोर फ&इ की विस्तार यात्रा में एक रणनीतिक मील का पत्थर है क्योंकि यह भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना चाहता है।

## रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की हो गई सगाई आशीर्वाद देने अखिलेश-जया समेत कई हस्तियां पहुंचीं

-शिवकुमार प्रजापति

जौनपुर /लखनऊ। क्रिकेटर रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने सगाई कर ली है। रिंग सेरेमनी लखनऊ के पांच सितारा होटल्ल्ल३१४ में रखी गई थी। इस सेरेमनी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर्स प्रवीण कुमार और पीयूष चावला के अलावा यूपी रणजी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल जैसे नामचीन खिलाड़ी शामिल हुए। टीम इंडिया के क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी सपा की सांसद प्रिया सरोज ने सगाई कर ली है। 8 जून (रविवार) को परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में दोनों ने एक-दूसरे को रिंग पहनाई। रिंग सेरेमनी लखनऊ के पांच सितारा होटल्ल्ल३१४ में रखी गई थी। इस सेरेमनी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार और पीयूष चावला के अलावा यूपी रणजी टीम के कप्तान आर्यन जुयाल जैसे नामचीन खिलाड़ी शामिल हुए, रिंकू-प्रिया की शादी की डेट भी फाइनल हो चुकी है। दोनों की शादी 18 नवंबर को वाराणसी में होनी है।

## पहलगाम पहुंचकर पूर्व चेयरमैन मनोज धामा ने दी श्रद्धांजलि



गाजियाबाद। लोनी नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन मनोज धामा ने हाल ही में पहलगाम का दौरा किया, जहां उन्होंने आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था, और मनोज धामा ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने इस अवसर पर पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति जताई और शांति की अपील की। मनोज धामा, जो लोनी में अपने सामाजिक और राजनीतिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं, ने इस मौके पर लोगों से एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं समाज को कमजोर नहीं कर सकतीं, बल्कि हमें और मजबूत बनाती हैं। धामा ने सरकार से मृतकों के परिवारों को उचित सहायता और सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की। उनके इस कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की, और कई लोगों ने इसे एकजुटता का प्रतीक बताया। मनोज धामा का यह दौरा न केवल श्रद्धांजलि का एक प्रयास था, बल्कि सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने का भी एक संदेश

## मध्य-स्तरीय प्रबंधकों को भविष्य में सीएक्सओ भूमिकाओं में तेजी लाने के लिए ग्लोबलज्ञान ने शुरू किया सारथी लीडरशिप प्रोग्राम

मुंबई। ग्लोबलज्ञान लीडरशिप एकेडमी ने अपने प्रमुख कार्यकारी शिक्षा पहल सारथी लीडरशिप प्रोग्राम के 2025 संस्करण के लिए नामांकन शुरू कर दिया है। यह परिवर्तनकारी यात्रा मध्य-स्तर के प्रबंधकों को रणनीतिक नेतृत्व में कदम रखने और सीएक्सओ भूमिकाओं के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए तैयार की गई है। पारंपरिक कार्यक्रमों के विपरीत जो सिद्धांत पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं, सारथी नेतृत्व विकास के लिए एक गहन अनुभवात्मक और व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। इमर्सिव लर्निंग लैब, रियल-टाइम सिमुलेशन और भारत के कुछ सबसे सम्मानित नेतृत्व प्रशिक्षकों से मार्गदर्शन के माध्यम से, कार्यक्रम रणनीतिक स्पष्टता, भावनात्मक लचीलापन और जटिल व्यावसायिक वातावरण में परिवर्तनकारी बदलाव का नेतृत्व करने की क्षमता का निर्माण करता है। कार्यक्रम को चार प्रगतिशील चरणों में संरचित किया गया हैः प्री-इमर्शन, स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एक्सेलेरेटर, एग्जीक्यूटिव इन्फ्लुएंस स्टूडियो और पोस्ट-इमर्शन कोचिंग। अनुभव का एक आधार दो इन-पर्सन, तीन-दिवसीय इमर्शन लैब हैं, जहाँ प्रतिभागी लाइव केस एक्सप्लोरेशन, रणनीतिक निर्णय लेने और अनिश्चितता के तहत नेतृत्व के निर्णय को तेज करने के लिए डिजाइन किए गए प्रशंसित गेम ऑफ स्टोन्स सिमुलेशन में शामिल होते हैं। सारथी को जो अलग बनाता है, वह है उच्च-प्रभाव वाले नेतृत्व कोचों की इसकी फैकल्टी, जिसमें श्रीनिवास अडेपल्ली, चंद्रमौली पी., अभिषेक कुमार और सुमन अडेपल्ली शामिल हैं - अनुभवी विशेषज्ञ जिन्होंने महिंद्रा समूह, एचयूएल, आईटीसी और आदित्य बिड़ला समूह जैसे शीर्ष कॉरपोरेट्स में नेतृत्व विकास कार्यक्रम दिए हैं। उनका वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रतिभागियों को व्यावसायिक वास्तविकताओं में आधारित कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। ग्लोबलज्ञान लीडरशिप अकादमी के निदेशक श्रीनिवास अडेपल्ली ने कहा कि आज के मध्य-स्तर के नेता अक्सर क्रियान्वयन और रणनीति के बीच की खाई में फंस जाते हैं, अत्यधिक सक्षम होते हैं, फिर भी हमेशा उद्यम स्तर पर प्रभाव डालने के लिए दृष्टिकोण या उपकरणों से लैस नहीं होते हैं। कार्यक्रम की फीस रुपए 4,00,000 प्लस लागू कर है। 31 मई, 2025 तक पंजीकरण कराने वाले प्रतिभागियों के लिए रुपए 3,50,000 प्लस कर की शुरूआती कीमत उपलब्ध है। 2016 से 60 से अधिक उद्यमों में 43,000 से अधिक प्रबंधकों को सशक्त बनाने के ग्लोबलज्ञान के ट्रैक रिकॉर्ड द्वारा समर्थित, सारथी लीडरशिप प्रोग्राम नेतृत्व विकास के लिए मानक को आगे बढ़ाता है।

### डीजे पर डांस को लेकर हुआ विवाद

आजमगढ (उत्तरशक्ति)। बरदह थाना क्षेत्र के बर्रा गांव में तीन दिन पहले एक बारात के दौरान डीजे पर डांस को लेकर शुरू हुआ विवाद शुक्रवार देर शाम हिंसक रूप ले लिया। जौनपुर जनपद के आनापुर चकवा बाजार से इनोवा वाहन में सवार होकर आ रहे लोगों पर गांव के कुछ लोगों ने हमला बोल दिया। हमलावरों ने वाहन का पिछला शीशा तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर डायल 112 पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर पुलिस का विरोध शुरू कर दिया। स्थिति तब और बिगड़ गई।

## जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड में पीयू के 10 छात्रों का चयन

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के तत्वावधान में चल रहे कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत शनिवार को जुबिलेंट फूडवर्क्स लिमिटेड, बैंगलोर द्वारा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के 10 छात्रों का चयन अप्रेंटिस ट्रेनी/ग्रेजुएट अप्रेंटिस ट्रेनी पद के लिए किया गया। चयनित छात्र हैंः प्रिया सोनकर, प्रज्ञा सिंह, श्रेया सिंह, साक्षी मिश्रा, स्मृति पांडेय, सुजीत कुमार, उर्वी मिश्रा, श्रेया आर्या, विष्णु मौर्य एवं शैलेश गिरी।

कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर अमर दीप यादव, सीनियर एग्जीक्यूटिव मनोज कुमार यादव तथा अश्वनी जैसवाल ने दो चरणों में साक्षात्कार प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। पहले चरण में प्री-प्लेसमेंट टॉक आयोजित की गई जिसमें कंपनी की जानकारी, जॉब प्रोफाइल, सैलरी और सेवा शर्तों पर प्रकाश डाला गया।

इसके बाद पात्र छात्रों का साक्षात्कार लिया गया।कार्यक्रम में प्लेसमेंट समन्वयक प्रो. प्रदीप कुमार ने आगामी जॉब फेयर-2025 की जानकारी देते हुए बताया कि 12 व 13 जून को होने वाले इस मेगा इवेंट में 8 कंपनियों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों के लिए नौकरी पाने का उत्तम अवसर है।कार्यक्रम में उप समन्वयक सुशील कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्लेसमेंट से द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उप समन्वयक डॉ. विशाल यादव, श्याम त्रिपाठी एवं दिनेश अस्थाना सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## वेस्कोआ ने बी.आर्क, एम.आर्क और डिप्लोमा कार्यक्रमों के लिए शुरू किया

मुंबई। वास्तुकला शिक्षा में मुंबई के अग्रणी संस्थानों में से एक विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटी के कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर (वेस्कोआ) को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए इसके बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी.आर्क), मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर (एम.आर्क), डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर और डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन एंड डेकोरेशन कार्यक्रमों में प्रवेश अब खुल गए हैं।

सात वर्षों में श्एरउडअ ने अकादमिक उत्कृष्टता, रचनात्मक अन्वेषण और सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रतिष्ठा बनाई है। डिजाइन सोच, तकनीकी नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव में निहित पाठ्यक्रम के साथ कॉलेज छात्रों को आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ निर्मित पर्यावरण की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार करता है।

काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर और मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध श्एरउडअ भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों को पोषित करने के लिए व्यावहारिक शिक्षा के साथ अकादमिक कठोरता को एकीकृत करता है। पांच वर्षीय बी.आर्क कार्यक्रम वास्तुशिल्प डिजाइन, नियोजन और निर्माण में व्यापक शिक्षा प्रदान करता है।

यह स्टूडियो-आधारित परियोजनाओं को फील्डवर्क और अंतःविषयक शिक्षा के साथ जोड़ता है ताकि तकनीकी और रचनात्मक दोनों तरह की योग्यताएं विकसित की जा सकें।

एम.आर्क कार्यक्रम अनुसंधान और विशेषज्ञता के लिए एक उन्नत मंच प्रदान करता है, जो छात्रों को वास्तुकला और शहरी विकास में महत्वपूर्ण मुद्दों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

इस बीच डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर और डिप्लोमा इन इंटीरियर डिजाइन और डेकोरेशन प्रोग्राम उन छात्रों के लिए एक व्यावहारिक, कौशल-केंद्रित मार्ग प्रदान करता है, जो डिजाइन और निर्माण विधियों की एक मजबूत आधारभूत समझ के साथ वास्तुकला के क्षेत्र में प्रवेश करना चाहते हैं।

नए प्रवेश चरण के शुभारंभ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्एरउडअ के प्रिंसिपल डॉ. प्रो. आनंद अचारी ने कहा कि श्एरउडअ में हमारा मानना है कि वास्तुकला केवल इमारतों के बारे में नहीं है, बल्कि जीवन, समुदायों और भविष्य को आकार देने के बारे में है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने पर्यावरण माह 2025 की शुरूआत की

पटना (उत्तरशक्ति)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सतत संसाधन प्रबंध अभियान थीम वाले पर्यावरण माह 2025 की शुरूआत की। इसके तहत कंपनी ने निरंतरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। यह पहल टोयोटा पर्यावरण चुनौती 2050 के व्यापक लक्ष्यों और टोयोटा ग्लोबल विजन 2050 को साकार करने के लिए जागरूकता बढ़ाने की वैश्विक थीम के अनुरूप है। इस अभियान का उद्देश्य कंपनी और इसकी मूल्य श्रृंखला में स्थिरता की संस्कृति को मजबूत करना है। इस मौके पर अपने विचार रखते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कार्यकारी उपाध्यक्ष और निदेशक (विनिर्माण) बी पद्मनाभ ने कहा, टीकेएम में पर्यावरण संरक्षण हमारे कॉर्पोरेट दर्शन और परिचालन रणनीति में गहराई से समाया हुआ है। पर्यावरण माह सिर्फ.एक कैलेंडर इवेंट से कहीं ज्यादा है, यह हमारे मूल्य श्रृंखला में हर व्यक्ति के लिए हरित भविष्य में सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए एक कार्रवाई का आह्वान है। शून्य आधार सोच के प्रति हमारी प्रतिबद्धता हमें वृद्धिशील सुधारों से आगे बढ़कर ऐसे परिवर्तनकारी समाधानों को अपनाने के लिए प्रेरित करती है जो स्थायी प्रभाव पैदा करते हैं। प्रत्येक पहल को न केवल हितधारकों को जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है बल्कि टिकाऊ जीवन और हरित नवाचारों में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है।

### पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने वाले तीन आरोपियों किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। थाना सुजानगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-08.06.2025 को प्राप्त संतोष मौर्या की सूचना पर हिन्दू धर्म से इसाई धर्म में परिवर्तन कराने वाले तीन आरोपियों बिरेन्द्र कुमार बिन्द पुत्र स्व0 रामदेव उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम अन्दावा थाना सराय इनायत जनपद प्रयागराज, कुन्दन बनवासी पुत्र मकर बनवासी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुरावा थाना सुजानगंज जौनपुर, सुनील बनवासी पुत्र पप्पू बनवासी निवासी ग्राम कुरावा थाना सुजानगंज जौनपुर को धर्म परिवर्तन कराते हुए ग्राम कुरावा में प्रधानमंत्री आवासीय कालोनी में चन्दु के घर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से धर्म परिवर्तन कराने के सम्बन्धित कागजात व 03 बाइबील पुस्तक बरामद की गयी है। उक्त के सम्बन्ध में थाना सुजानगंज पर मु0अ0सं0-145/2025 धारा- 299/196 इ॰र व 3/5(1) उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 बनाम 03 अभियुक्त उपरोक्त पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## शांतिपूर्ण संपन्न हुआ ईद उल अजहा का पर्व



सिवान (उत्तरशक्ति)। सिवान बिहार के महाराजगंज में शनिवार के दिन ईद-उल-अजहा यानि बकरीद का त्योहार मनाया गया।महाराजगंज अनुमंडल क्षेत्र में मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। सुबह से ही लोग मस्जिदों में उमड़ने लगे। महाराजगंज शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिद में भी लोग सुबह से ही बकरीद पर नमाज अदा करते रहे।

उधर, ग्रामीण क्षेत्र के जिगरवा, देवरिया, टेघड़ा, नौतन, सोनवर्षा, आदि गांव समेत अनुमंडल क्षेत्र भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मस्जिदों और ईदगाह के बाहर भी पुलिस मुस्तैद रही। साथ ही बकरीद पर कुबानी को लेकर अनुमंडल की एसडीओ अनीता सिन्हा,एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने जिला प्रशासन के निर्देश पर गाइडलाइन भी जारी की थी। बकरों की कुबानी तय जगहों पर किए जाने और प्रतिबंधित जानवरों की कुबानी नहीं करने की अपील की गई थी। साथ हीं बकरों के अवशेषों को यात्र - तत्र न फेक कर उसे जमीन में गाड़ देने का निर्देश जारी था . कुल मिलाकर बकरीद शांति पूर्ण सम्पन्न हुई.।

## जीवन बचाने के लिए आइबिस इंडिया ने चलाया समुद्र तट सफाई अभियान

मुंबई। वर्ल्ड ओशियन डे 2025 के मौके पर आइबिस इंडिया ने पर्यावरण की सुरक्षा के लिए देशभर में समुद्र तट सफाई अभियान शुरू किया। मुंबई, चेन्नई, गोवा और कोच्चि के 10 आइबिस होटलों ने स्थानीय एनजीओ के साथ मिलकर यह सफाई अभियान चलाया गया। मुंबई के जुहू कोलीवाड़ा समुद्र तट पर भी सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में 600 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और सिर्फ एक दिन में 500 किलो से ज्यादा कचरा इकट्ठा किया। इस साल की वैश्विक थीम वंडरः सस्टेनिंग व्हाट सस्टेंस असह्व के अनुसार इस अभियान ने समुद्री जीवन और प्रकृति को बचाने के महत्व को दिखाया। गौरतलब है कि समुद्री जीवन और प्रकृति धरती पर सभी जीवों के जीवन का सहारा है। आइबिस के कई होटल समुद्र तटों और पानी के किनारे स्थित हैं, इसलिए वे समुद्र में होने वाले प्रदूषण को सीधे महसूस करते हैं। सफाई अभियान से न केवल नुकसानदायक कचरा हटाया गया, बल्कि स्थानीय लोगों को समुद्र की सफाई के बारे में जागरूक भी किया गया। यह समंदरों की सेहत सुधारने के बड़े प्रयासों में भी मददगार रहा।

आइबिस और आइबिस स्टाइल्स इंडिया के ऑपरेशन्स डायरेक्टर तेजस जोस ने कहा, ह्लआइबिस में पर्यावरण की देखभाल सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि हमारे ब्रांड का हिस्सा है। यह सफाई अभियान सिर्फ कचरा हटाने के लिए नहीं था, बल्कि समुद्री जीवन को बचाने और लोगों को स्थायी बदलाव की ओर प्रेरित करने का एक अहम कदम था। हम मानते हैं कि होटल इंडस्ट्री भी समाज में अच्छा बदलाव ला सकती है और यह बदलाव लाना भी चाहिए।

सफाई अभियान के साथ-साथ आइबिस होटलों ने समुद्री प्रदूषण पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए। उन्होंने स्कूल के बच्चों, मछुआरों और पर्यटकों के साथ मिलकर इंटरैक्टिव और शैक्षिक गतिविधियाँ कीं, ताकि लोग लंबे समय तक पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार व्यवहार अपनाएं।

## जिलाधिकारी के द्वारा अस्थाई गो-आश्रय स्थल धमार्पुर का औचक निरीक्षण



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा अस्थाई गो-आश्रय स्थल धमार्पुर का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि गर्मी के दृष्टिगत पशुओं को नियमित रूप से नहलाया जाए इसके साथ ही गोवंशों के हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनके खाने में हरा चारा, चोकर और पशु आहार की मात्रा बढ़ाई जाए, जिससे कि गोवंश स्वस्थ रहे। जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल में एक चरनी (नाद) जिसकी ऊंचाई कम थी, उसे बढ़ाने के निर्देश दिए जिससे गोवंशों को भोजन के दौरान समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि पूर्व में दिए गए निर्देश के क्रम में गो आश्रय स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है और वृक्षारोपण भी किया गया है।उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि पशुओं की नियमित रूप से जांच की जाए, इलाज के अभाव में किसी भी गोवंश की मृत्यु न होने पाए। केयरटेकर को निर्देशित किया कि गोवंशों का अच्छे से देखभाल किया जाए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी श्रीवास्तव, खंड विकास अधिकारी कृष्ण मोहन यादव, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 धर्मेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## दहेज नहीं मिला, पति पर दूसरी शादी का आरोप

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जफराबाद थाना क्षेत्र के वसीरपुर गांव निवासी एक युवती ने अपने पति पर दहेज न मिंलने पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा कि तीन लाख का जेवरात मांगने की जिद पर अड़े ससुराल पक्ष के लोगों ने मेरे पति का निकाह दूसरी अन्य लड़की से करा दिया। जबकि उसने मुझे तलाक भी नहीं दिया है। चोरी छुपे कराई गई दूसरी शादी के बाबत जब पुलिस ने दबाव बनाया तो आरोपी पक्ष के लोग घर में ताला बंद कर फरार हो गए। पीड़ित विवाहिता ने कहा कि उसे जल्द न्याय नहीं मिला तो वह मुख्यमंत्री कार्यालय में शिकायत करेंगी। वसीरपुर गांव निवासी नसरीन पुत्री अफसल ने 10 जुलाई 24 को रामनगर भरसड़ा में रहने वाले फैसल अमीन पुत्र अब्दुल अमीन के साथ किया था। दोनो ने यह शादी अपने प्रेम सम्बन्ध में की थी। शादी के बाद नसरीन वाराणसी के फूलपुर स्थित एक फैक्टरी में काम करने लगी। वही पर वह किराए के घर मे पति के साथ रहती थी। 24 अप्रैल से फैसल बहाना बनाकर अपने माँ बाप के पास आ गया। जहां पर तय कार्यक्रम के अनुसार 27 अप्रैल को फैसल का वाराणसी में दूसरी एक अन्य लड़की से निकाह कराया गया।इसकी जानकारी जब नसरीन को हुई तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने फसल के परिवार के लोगों से जानकारी की और बताया कि उसका पहले निकाह हो चुका है वह बताओ पत्नी के रूप में उसके साथ रहती है तो उन लोगों ने उसे फैसल की पत्नी करने से इनकार कर दिया। आखिरकार थकहार कर नसरीन सीधे फैसल के घर ही पहुंच गई। वहां से पूरा परिवार ताला बंद करके फरार था। पास पड़ोस के लोगों से पूछा तो मालूम हुआ की फैसल की दूसरी शादी करने के बाद से ही यह लोग कहीं और चले गए हैं। इसके बाद नसरीन जफराबाद थाना प्रभारी के पास पहुंच कर आप बीती सुनाई। और उन्हें ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज के नाम पर तीन लाख का जेवरात मांगने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया।नसरीन ने बताया कि उससे फैसल के घर वाले एक लाख के करीब नगद ले चुके हैं। मुझसे और दहेज की मांग की जा रही

### फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

कानपुर (उत्तरशक्ति)। श्यामनगर में एक कारोबारी के बंगले में रविवार सुबह नौकर का शव फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की। बड़े भाई ने मामला संदिग्ध बताया है। बिहार के मधुबनी जिले के ग्राम परसौली निवासी विपती मुखिया का बेटा सिकेंदर कुमार (18) पिछले दो वर्षों से श्याम नगर में रहने वाले शोरूम कारोबारी राजेश गुप्ता के बंगले में काम कर रहा था। वह बंगले के सर्वेंट क्वाटर में रहता था। बड़े भाई राजा ने बताया कि उनकी शनिवार रात करीब नौ बजे सिकेंदर से मोबाइल पर बातचीत हुई थी। उसने एक-दो दिन में मिलने की भी बात कही थी, लेकिन रविवार सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। सिकेंदर के दोनों पैर मुड़े हुए और जमीन को छू रहे थे। घटना के पीछे क्या कारण है, इसका पता नहीं है। पुलिस को मामले की जांच करनी चाहिए। चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है।










